स्वच्छता नोडल अधिकारी ने निगम क्षेत्र में चल रहे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया .

भिलाईनगर। 20 अगस्त को जिला शिक्षा विभाग के कॉर्डिनेटर जिला कलेक्टर दुर्ग के आदेश का पालन करते हुए स्वच्छता नोडल अधिकारी द्वारा निगम भिलाई क्षेत्र का औचक सर्वे करने पहुंचे। नोडल अधिकारी द्वारा वार्ड क्रमांक 31 से 35 तक के वार्डो का बारिकी से सर्वे किया गया। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र पांडे द्वारा प्रमुख रूप से सड़क सफाई, नाली की सफाई एवं डोर–टू–डोर कराये जा रहे सफाई कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई। उनके द्वारा सफाई व्यवस्था को देखकर निगम के कार्य की सराहना की गई। इसी प्रकार स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा डोर–टू–डोर वार्डो एवं घरो में जाकर सफाई एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में प्रचार–प्रसार कर रही है उनकी जानकारी प्राप्त किये। साथ ही समूह की महिलाओ द्वारा सफाई को लेकर नागरिको से कचरा सड़को एवं नालियों में नहीं डालने की समझाईस दे रही है उनके बारे में भी जानकारी प्राप्त की। श्री पांडे द्वारा जोन के सुपरवाइजर वीरेंद्र बंजारे से निगम क्षेत्र में एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचकर वेस्ट सेग्रीगेशन, मशीनो द्वारा किये जा रहे कार्य एवं पंजी रजिस्टरों जानकारी प्राप्त की । उनके द्वारा पूछा गया कि कितने कर्मचारी यहां कार्य कर रहे है एवं किन–किन कर्मचारियो को क्या–क्या कार्य सौंपा गया है। एस.एल.आर.एम. सेंटर में संग्रहित कचरे कैसे अलग–अलग किये जा रहा है। आर्गेनिक वेस्ट से किस प्रकार मशीनो के माध्यम से खाद बनाया जा रहा है, उसको देखा। अन्त में जाते समय उन्होने निगम भिलाई के कार्यो से खुशी व्यक्त करते हुए सबको अपनी सुरक्षा रखते हुए मिलकर कार्य करने की सलाह दी गई। वापस लौटते समय उनके द्वारा महिलाओ द्वारा बनाये जा रहे खाद खरीदकर अपने साथ लेकर गये।